शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 3253/ए/परीक्षा/2022 रायगढ़, दिनाँक 05.11.2022

–:: अधिसूचना ::–

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2022–23 के स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत् नियमित प्रवेशित/एटीकेटी परीक्षार्थियों द्वारा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध **Online Portal Link** के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क (विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमाँक 1757/परीक्षा/2021, रायगढ़, दिनाँक 25.11.2021 द्वारा निर्धारित) के अनुक्रम में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	दिनाँक
1.	स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों (नियमित प्रवेशित एवं एटीकेटी) के लिए बिना विलंब शुल्क	प्रारंभिक तिथि 07.11.2022 से 20.11.2022 रात्रि 12:00 बजे तक
2.	स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों (नियमित प्रवेशित एवं एटीकेटी) के लिए विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ	प्रारंभिक तिथि 21.11.2022 से 26.11.2022 रात्रि 12:00 बजे तक

- परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म भरते समय पोर्टल पर दिये गये निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करें एवं पूर्ण सावधानी के साथ परीक्षा फॉर्म भरे।
- परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी (प्रिंट कर) आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर 26.11.2022 तक अनिवार्यतः संबंधित महाविद्यालय में जमा किया जाये।
- महाविद्यालय संबंधित छात्रों की आई.डी. ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्यतः लॉक करना सुनिश्चित करे।
- महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की सूची डाउनलोड कर सूची के क्रमानुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदनों का आवश्यक संलग्नक दस्तावेजों के साथ परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनाँक 30.11.2022 तक अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित करे।
- विधि संकाय के बी.ए. एल.एल.बी. 05 वर्षीय पाठ्यक्रमों के चतुर्थ एवं पंचम वर्ष के परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा प्रदान किये गये यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर इस विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं. 3254/ए परीक्षा/2022 रायगढ़, दिनाँक 05.11.2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
04. वित्ताधिकारी/उप–कुलसचिव (गोपनीय/भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
05. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा प्रभारी